# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा





खबर संक्षेप



## प्रधानमंत्री के संबोधन को लोगों ने सुना

**कोरबा।** धार (मध्यप्रदेश) में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा का सीधा प्रसारण हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के विद्युत संयंत्र परिसर में किया गया। विद्युतकर्मियों एवं श्रमिकों के साथ मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा व सुना। पॉवर कंपनी मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार यहां सेवा पखवाड़ा का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस अवधि में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सेवा पखवाड़ा के पहले दिन अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके गुप्ता, पीके स्वैन, राजेश पांडेय, केएनबी राव एवं महिमा मिंज समेत अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सूफ़ी शमसुद्दीन नक्शबंदी का 12वां सालाना उर्स अकीदत के साथ सम्पन्न



**कोरबा।** श्यांग शरीफ में बाबा ख़्वाजा सूफ़ी शमसुद्दीन नक्शबंदी का 12वां सालाना उर्स बड़े अकीदत और श्रद्धा के साथ मनाया गया। तीन दिवसीय इस उर्स का आगाज़ 10 सितंबर को परचम कुशाई से हुआ। रात 9 बजे से तकरीर (प्रवचन) हुई, श्याग शरीफ दरगाह के सज्जादा नशीन ज़नाब सलाहुउद्दीन नक्सबंदी व सुन्नी मुस्लिम जमात के सरपरस्त कारी सैयद शब्बीर अहमद अशरफी की सदारत में जामा मस्जिद के इमाम मौलाना ज़की आलम ने तक़रीर पेश की और मस्जिदे आला हजरत गेरवाघाट के इमाम हाफिज तनवीर आलम साहब ने नात व मनकबत पेश की। उर्स के दूसरे दिन 11 सितंबर की रात 10 बजे से महफ़िले-सिमा (कव्वाली) का आयोजन किया गया। अंतिम दिन 12 सितंबर जुमा (शुक्रवार) को कुल की फ़ातिहा के साथ उर्स का समापन किया गया। उर्स के दौरान तीन दिनों तक युवा कमेटी श्यांग शरीफ के द्वारा आम लंगर चलाया गया। उर्स को सफल बनाने मे सरपंच, उप सरपंच, सचिव, पंच और समस्त ग्रामवासियों का सहयोग रहा है, उन्होंने बताया कि दरगाह का तामीरी काम तेज़ी से चल रहा है और जल्द ही जिला के ग्रामीण क्षेत्र श्यांग में छत्तीसगढ़ की ख़ूबसूरत दरगाह तैयार हो जाएगी। इस अवसर पर हाफिज जामे कौसर, दरगाह के सेक्रेटरी अमीन खान कादरी, कार्यकारी अध्यक्ष व कैशियर मोहम्मद नूरए बसर कादरी, सेक्रेटरी सैयद अशफाक अली, सहित दरगाह कमेटी, सुन्नी मुस्लिम जमात अंजुमन कमेटी श्याग शरीफ व आस पास के सभी कमेटी के मेंबर व सदस्य उपस्थित रहे।

## धर्मपुर, विश्रामपुर, गेवरा बस्ती के बेरोजगार युवाओं ने रोजगार की मांग

**बांकीमोंगरा।** भाजपा मंडल बांकीमोंगरा के प्रत्याशी अभिलाष यादव ने एसईसीएल गेवरा क्षेत्र व निजी कंपनी पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड को पत्र लिखकर धर्मपुर विश्रामपुर और गेवरा बस्ती के बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की मांग की है। पत्र में चेतावनी दी गई है कि अगर दो दिनों के भीतर रोजगार के अवसर नहीं दिए गए तो ग्रामवासी और अभिलाष यादव कंपनी के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर सकते हैं पत्र में कहा गया है कि प्रभावित क्षेत्र के युवा लोगों को प्राथमिकता दिया जाए।

## आप बहुभाषी बेशक हों लेकिन मातृभाषा सर्वोपरि होनी चाहिए : मुखर्जी



**कोरबा।** डीएवी खरमोरा में हिंदी दिवस का मनाया गया। जिसमें सभी शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह आयोजन हिंदी भाषा के महत्व को उजागर करने और उसके प्रति सम्मान व्यक्त करने के उद्देश्य से किया गया था। समारोह की शुरुआत शिक्षकों द्वारा रोचक पहेलियां पूछकर की गई। इसके बाद कुछ शिक्षकों ने अपनी स्वरचित और सुप्रसिद्ध कविताएं सुनाकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में हास्य का तड़का लगाते हुए, कुछ शिक्षकों ने लाजवाब चुटकुले सुनाए, जिससे सभागार में ठहाके गूंज उठे। इस अवसर पर हिंदी की शिक्षिका श्रीमती अशरफ जहां ने हिंदी भाषा के महत्व पर बहुत ही सुंदर तरीके से प्रकाश डाला। उन्होंने हिंदी को सिर्फ एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पहचान का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी ने कहा कि आप बहुभाषी जरूर हों लेकिन मातृभाषा सर्वोपरि होनी चाहिए। उनके इस प्रेरणादायक वक्तव्य ने सभी को अपनी मातृभाषा के गौरव और महत्व के प्रति जागरूक किया।

### आवास योजना शहरी 2.0 के एक वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गया आवास दिवस

# प्रधानमंत्री का संकल्प देश का कोई भी नागरिक आवासहीन न रहेः महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने प्रधानमंत्री आवास योजना यू आवास दिवस के अवसर पर आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह संकल्प है कि देश का कोई भी व्यक्ति आवासहीन न रहें, सभी नागरिकों को रहने के लिए पक्के व सुविधायुक्त मकान उपलब्ध हों, इसी के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना भाग-1 एवं 2 का ऐतिहासिक रूप से क्रियान्वयन देश व प्रदेश में किया गया है, जिसके अत्यंत सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं, वर्षो से टूटे-फूटे कच्चे मकानों व झोपड़ियों में रहने वाले हमारे भाई-बहनों को इसी योजना की बदौलत पक्के आवासगृहों की सुविधा प्राप्त हो सकी है।

**खास बात**

- महापौर एवं आयुक्त ने हितग्राहियों को प्रदान किया आवासगृहों की चाबी



हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपती महापौर एवं अन्य।

**योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा प्रथम कर्तव्य**

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना एवं धरातलीय स्तर पर इन योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करना, हम सबका प्रथम कर्तव्य है तथा सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है। नये हितग्राहियो के आवेदनों को तीव्रता से सत्यापित कराना, पूर्व स्वीकृत आवासों को शीघ्र पूर्ण कराना, पी.एम.सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ पी.एम.ए.वाई. के लाभार्थियों तक पहुंचाना आदि के साथ-साथ हितग्राहियों को अन्य सेवाएं व सुविधाएं प्रदान करना हैं, जिसके लिए प्रशासन पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य कर रहा है। उन्होने हितग्राहियों से आग्रह करते हुए कहा कि वे भी योजना का प्रचार प्रसार करें, अपने पड़ोसियों, परिचितों को योजना का लाभ लेने के लिए आगे आने में अपनी भूमिका निभाएं।

केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के साथ अन्य केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के अभिसरण के लिए व्यापक जनजागरूकता के उद्देश्य से 4 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक अंगीकार अभियान का संचालन कराया जा रहा है, जिसका प्रमुख उद्देश्य अधिकतम पात्र लाभार्थियों को इनका लाभ प्रदान किया जा सके। शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप अंगीकार 2025 अभियान के तहत 17 सितम्बर को पीएमएवाई यू 2.0 के एक वर्ष पूर्ण होने पर नगर निगम में आवास दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने उपस्थित ऐसे हितग्राहियों को जिनके आवासगृह बन चुके हैं, उन आवासगृहों की चाबी प्रदान की, इसके साथ ही जिन हितग्राहियों के आवासगृह पूर्णता की ओर है, उन्हें अंतिम किस्त राशि के चेक भी प्रदान किए गए। इसी प्रकार बीएलसी घटक के नये हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र प्रदान किए गए। वहीं एएचपी घटक अंतर्गत जिन हितग्राहियों को आवासगृहों का आबंटन किया जाना हैं, उन्हें आवास आबंटन सूचना पत्र भी उनके द्वारा प्रदान किए गए।

## प्रधानमंत्री की संकल्पना थीम पर छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगरीय क्षेत्र कोरबा के बुधवारी स्थित जैन मंदिर परिसर में बुधवार को सेवा पखवाड़ा-विकसित भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना, थीम पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री श्री मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके कर्तव्य निष्ठा के साथ देश के सर्वांगिण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों को सुंदर छायाचित्र के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। छायाचित्र प्रदर्शनी का महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत स्थानीय जनप्रतिनिधि, सहित गणमान्य आमजनों ने अवलोकन किया। महापौर ने कहा कि प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के जीवन वृतांत को सुंदर रूप से दर्शाया गया है। इसके साथ ही देश के प्रति उनके समर्पण और योगदान को दर्शाया गया है। प्रदर्शनी में आतंकवाद के खिलाफ मुंहतोड़ जवाब, देश के जवानों के प्रति सद्भाव, एक पेड़ माँ के नाम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, उर्जा विकास, अंतरिक्ष के क्षेत्र में उपलब्धि, डिजीटल माध्यम का उपयोग कर आर्थिक, सामाजिक, समानता को बढ़ावा देना और उनके जीवनी को प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग एवं अखिल भारतीय तेरारापंथ युवक परिषद के समन्वय से जैन मंदिर बुधवारी में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य की जॉंच एवं उपचार किया गया। इस अवसर पर पार्षद नरेन्द्र देवांगन, चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष योगेश जैन, गोपाल मोदी, डॉ. राजीव सिंह, सुश्री ऋतु चौरसिया, अजय विश्वकर्मा, नवीन मारकण्डेय राजेश राठौर, पूर्व आयुर्वेद अधिकारी डॉ. प्रदीप जैन, पारस जैन, जिला जनसंपर्क अधिकारी कमलज्योति, जिला समन्वयक आशुतोष गौरहा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन.केशरी, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. उदय शर्मा, राजकुमार, डीपीएम पद्माकर शिंदे, जनसंपर्क विभाग के बसंत साहू, नंदकुमार सूर्यवंशी, प्रकाश दास, अशोक जाहिरे आदि उपस्थित थे।

# कोरबा वृत्त के 15 से अधिक विद्युत कर्मियों ने किया जनता यूनियन में प्रवेश



स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल भाजपाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा वृत्त शाखा अंतर्गत कोरबा एवं कटघोरा डिवीजन के 15 से अधिक विद्युत कर्मियों ने कर्मचारी हित में निस्वार्थ भाव से सक्रियतापूर्वक क्रियाशील कर्मचारी संगठन छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन में विधिवत प्रवेश किया। 15 सितंबर को कटघोरा में आयोजित नवप्रवेशी संगठन सदस्यता अभियान के तहत जनता यूनियन के प्रांतीय उपाध्यक्ष अनिल द्विवेदी, जॉर्ज के थंकाचंद, आर के अग्रवाल की उपस्थिति में 15 से अधिक सदस्यों को माला पहनाकर संगठन में औपचारिक प्रवेश कराया गया। शामिल सदस्यों में 6 नियमित, 5 संविदा और 5 अन्य वर्ग के कर्मचारी शामिल हैं। कार्यक्रम के आयोजक वृत्त अध्यक्ष सम्मेलाल श्रीवास एवं सचिव घनश्याम गबेल ने सर्वप्रथम जनता यूनियन की प्रचलित परिपाटी के अनुसार नवप्रवेशी सदस्यों से फॉर्म भरवाया तथा प्रांतीय कमेटी के अनुमोदन उपरांत उन्हें संगठन में प्रवेश कराया।नए सदस्यों ने बताया कि वे जनता यूनियन की सक्रियता, व्यवहार, कर्मचारी हित के कार्य, सिद्धांत, सेवा, निस्वार्थ सेवा और सहयोग की भावना से प्रेरित होकर स्वेच्छा से संगठन में शामिल हो रहे हैं। उन्हें जनता यूनियन पर पूरा विश्वास और आस्था है जो सदैव कायम रहेगा। अन्य संगठन की नकारात्मक कार्यप्रणाली और स्वार्थ नीति से क्षुब्ध होकर 6 सदस्यों ने वापस जनता यूनियन में वापसी की है जिनमें सर्वश्री विजय सिदार, विष्णु दास महंत, अजित पैंकरा, प्रमोद शर्मा, धीरेंद्र बरेठ के नाम प्रमुख हैं। इनके अलावा देवनारायण साहू, अमृत लाल, सोनुराम यादव, भरत राम मरावी, महेंद्र कुमार, रितेश डिकसेना, लक्ष्मी जायसवाल, गणेश निषाद, लक्ष्मण राम ने प्रथम बार जनता यूनियन की सदस्यता ग्रहण की।



## कृषि महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय हिंदी दिवस एवं विश्व शांति दिवस

**कोरबा।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कटघोरा में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस एवं राष्ट्रीय हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के रंगोली, भाषण, कविता स्लोगन आदि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ एसएस पोर्ते अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय के द्वारा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र द्वारा विभिन्न आयोजनों में हिस्सेदारी की गई जिसमें मुख्य रूप से स्नेहा पांडे एवं जीतांशु पाटले के द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया, कुमारी आयुषी के द्वारा विश्व शांति दिवस के अवसर पर सुंदर-सुंदर नारा बताए गए तत्पश्चात सुश्री चांदनी एवं पूजा श्रीवास के द्वारा विश्व शांति के संबंध में उत्कृष्ट कविताओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम का सफल एवं सुचारू आयोजन डॉ रोशन कुमार भारद्वाज सहायक प्राध्यापक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया।

# गूंजा सेवा पखवाड़ा का बिगुल, भाजपा ने स्वच्छता संग किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा का आगाज़ स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविर के साथ किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारीयो ने झाड़ु लेकर एम.पी. नगर स्थित कटहल गार्डन सहित विभिन्न स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाकर साथ ही जैन मंदिर में रक्तदान शिविर आयोजित कर सेवा पखवाड़ा की शुरुआत किया गया। साथ ही स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

**खास बात**

- प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर जिले में मनाया गया स्वच्छता व सेवा का महापर्व



स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल भाजपाई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में विभिन्न कार्यक्रम चला रही है, जिसमें कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसी कड़ी में कटहल गार्डन में सभी भाजपा कार्यकर्ता यहां आकर के साफ-सफाई स्वच्छता का कार्य किया गया, इसी प्रकार रक्तदान शिविर, मैराथन दौड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर प्रदर्शनी और डॉक्यूमेंट्री और बहुत सारे ऐसे खेल के आयोजन भी है इन सब को लगातार करते हुए और गांधी जयंती 2 अक्टूबर के दिन इसका समापन किया जाएगा, इस अवसर पर भाजपा परिवार सभी लोगों से यह अपील करती है कि अपने नगर को अपने मोहल्ले को अपने शहर को आप स्वच्छ रखें और इसके लिए महात्मा गांधी का जो संदेश था जिसको आगे चरितार्थ करते हुए नरेंद्र मोदी ने 2014 के बाद में एक मिशन चलकर स्वच्छता का और जगह-जगह पूरे देश में स्वच्छता का वातावरण बनाकर के रखें। इस दौरान जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, महापौर संजू देवी राजपूत, कार्यक्रम संयोजक डॉ. राजीव सिंह, एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, प्रदेश मंत्री रीतू चौरसिया, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, योगेश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष मंजू सिंह, योगेश जैन, ज्योति वर्मा, महामंत्री अजय विश्वकर्मा, राकेश नागरमल अग्रवाल, जिला मंत्री अजय कंवर, विवेक मार्कण्डेय, अजय चन्द्रा, अजय दुबे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक गण शामिल हुये।

# अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं महिला मंडल ने खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं महिला मंडल द्वारा खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नगर में आज अग्रवाल समाज के तत्वावधान में खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों का अनोखा संगम देखने को मिला अग्रवाल नवयुवक मंडल तथा अग्रवाल महिला मंडल द्वारा पूरे दिन विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें सभी अग्रबन्धुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और उत्साहपूर्वक कार्यक्रमों का आनंद लिया। इस अवसर ने न केवल खेल भावना को प्रोत्साहित किया बल्कि समाज में आपसी भाईचारे और एकजुटता का संदेश भी दिया, जिसमें सर्वप्रथम क्रिकेट प्रतियोगिता एव रस्सा क्रिकेट के बाद आयोजित हुई।

रस्साकशी प्रतियोगिता ने पूरे मैदान का माहौल और अधिक रोमांचक बना दिया। दोनों ओर से खिलाड़ियों ने पूरी ताक़त और सामूहिक प्रयास से रस्सी खींची। दर्शक भी उत्साह से खींचो-खींचो के नारों से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते रहे। लंबे संघर्ष के बाद भाचा 7 की टीम ने विजयी बढ़त बनाते हुए प्रतियोगिता अपने नाम की। इन खेलों के दौरान निष्पक्ष निर्णय सुनिश्चित करने के लिए अंपायर की भूमिका चिंटू अग्रवाल, शंकर अग्रवाल एवं महेन्द्र अग्रवाल ने निभाई। उनके मार्गदर्शन में पूरा आयोजन अनुशासनबद्ध और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद सभी खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए भोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई, जिससे आपसी मेल-जोल और सौहार्द का वातावरण और प्रगाढ़ हुआ। इसी क्रम में दोपहर बाद अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता ने सभी का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में नगर की लगभग 30 से 40 महिलाओं ने रंग-बिरंगे परिधानों और रचनात्मक प्रस्तुतियों के साथ हिस्सा लिया। विभिन्न ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सामाजिक पात्रों को जीवंत रूप में मंच पर प्रस्तुत किया गया, जिससे दर्शकों को मनोरंजन के साथ-साथ संदेश भी देता है। खिलाड़ियों और प्रतिभागियों ने जहां अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वहीं दर्शकों ने भी पूरे दिन मनोरंजक और प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आनंद लिया। अग्रवाल समाज ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर जारी रहेंगे ताकि खेल, कला और संस्कृति के क्षेत्र में समाज के हर वर्ग को मंच मिल सके और युवाओं तथा महिलाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहन मिलता रहे।



क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी।

**पृष्ठ 1 का शेष**

## चुनाव में हार जीत...

सचिन पायलट, सहप्रभारी जरिता लैतफ्लांग, नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत, पूर्व उप मुख्य मंत्री टी एस सिंहदेव, पूर्व मंत्री उमेश पटेल, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री डॉ.शिव डहरिया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, सांसद ज्योत्सना महंत, विधायक देवेन्द्र यादव, विधायक फूलसिंह राठिया, विधायक चातुरीनंद, विधायक विद्यामती सिदार, पूर्व संसदीय सचिव चंद्रदेव राय, पूर्व विधायक विनय जायसवाल, गुरूदयाल बंजारे, पुरूषोत्तम कंवर, गुरूमुख सिंह होरा, मोहित केरकेट्टा, प्रदेश युवा कांग्रेस पदाधिकारी अमित पठानिया, आकाश शर्मा, मोनिका मंडरे सहित राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के अन्य पदाधिकारियों ने मशाल लेकर नारेबाजी करते हुए मशाल यात्रा में शामिल हुए।

## शपथ पत्र

मैं अमित कुमार अग्रवाल उम्र 47 वर्ष पिता स्व. भरत लाल अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी वार्ड नं. -15 इंदिरा नगर मुख्य मार्ग कटघोरा तहसील कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.) का हूँ जो कि शपथपूर्वक बयान करता हूँ किः-

1. यह कि वेदीका (VEDEEKA) अग्रवाल पिता अमित कुमार मेरी पुत्री है जिसका नाम जन्म प्रमाण, आधार कार्ड, पासपोर्ट आदि दस्तावेजों में वेदीका (VEDEEKA) अग्रवाल दर्ज है।

2. यह कि मेरी पुत्री का नाम स्कूल के दस्तावेजों में त्रुटिवश वेदिका (VEDIKA) अग्रवाल दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि उसका सही नाम वेदीका (VEDEEKA) अग्रवाल है जिसे सुधार कर सही नाम से दर्ज करनें की आवश्यकता है। 3. यह कि यह शपथपत्र मेरे द्वारा अपनें पुत्री वेदीका (VEDEEKA) अग्रवाल के नाम हुई त्रुटि में सुधार करानें बाबत सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करनें हेतु यह शपथपत्र निष्पादित किया गया है।

**शपथकर्ता**
**अमित कुमार अग्रवाल**

# महापौर ने हरी झण्डी दिखाकर तीर्थयात्रियों को अयोध्या धाम के लिए किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आयुक्त आशुतोष पाण्डेय व पार्षदगणों की उपस्थिति में आज श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत 35 तीर्थयात्रियों के दल को पवित्र अयोध्याधाम के लिए निगम कार्यालय से रवाना किया। उन्होंने तीर्थयात्री बस को हरी झण्डी दिखाई एवं तीर्थयात्रियों को तिलक लगाकर व पुष्पमाला पहनाकर उन्हें अपनी शुभकामना व बधाईयां दी। प्रदेश सरकार की महती योजना श्रीरामलला दर्शन योजना के अंतर्गत प्रदेश के नागरिकों को पवित्र अयोध्याधाम ले जाकर भगवान श्रीरामलला के दर्शन प्रतिमाह कराए जा रहे हैं, जिसका सम्पूर्ण व्यय शासन द्वारा वहन किया जाता है। इसी कड़ी में इस माह भी जिले से 35 तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला दर्शन के लिए अयोध्याधाम के लिए रवाना हुआ। यह दल बस के माध्यम से बिलासपुर के उस्लापुर रेलवे स्टेशन पहुंचा, वहां से विशेष ट्रेन द्वारा तीर्थयात्री अयोध्याधाम पहुंचकर श्रीरामलला के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। नगर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में बुधवार प्रातः 8 बजे महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि प्रभु श्रीरामलला के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुजनों को यात्रा पर रवाना करने का पवित्र अवसर आज पुनः प्राप्त हुआ है। उन्होंने कामना करते हुए कहा कि ईश्वर उनकी यात्रा को मंगलमय करें तथा श्रद्धालुजन रामलला के चरणों का दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

TOP IN KORBA

GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742



## खबर संक्षेप

### थल सेना भर्ती रैली के लिए पंजीयन 25 तक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में अग्निवीर थल सेना भर्ती में युवाओं का अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चत करने के उद्देश्य से छ0ग0 राज्य के सभी जिलो के लिए अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन रायपुर में संभावित है। कोरबा जिले के युवाओं को अग्निवीर भर्ती में लाभ प्राप्त हो सके इस हेतु निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। अग्निवीर भर्ती थलसेना में 2025-26 में ऑनलाईन परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थी जो निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के इच्छुक हैं। वे अपना उत्तीर्ण संबंधी दस्तावेजों के साथ जिला रोजगार कार्यालय कोरबा में उपस्थित होकर 25 सितंबर तक पंजीयन करवा सकतें हैं, ताकि शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का लाभ प्रदान किया जा सके। अधिक जानकारी हेतु दूरभाष क्रमांक 07759-222069 में संपर्क किया जा सकता है।

### संचार तथा संकर्म समिति की बैठक कल

**कोरबा।** जिला पंचायत कोरबा की संचार तथा संकर्म समिति की बैठक 19 सितंबर को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत कोरबा के सभा कक्ष में आयोजित की गई है।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला हेतु पंजीयन 22 से

**कोरबा।** राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 9 एवं 10 अक्टूबर को रायपुर में प्रस्तावित है। रोजगार मेला में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों एवं जिन्होने रोजगार मेला हेतु अधूरी प्रोफाईल जानकारी भरें हैं उनके लिए 22 से 24 सितम्बर तक रोजगार पंजीयन शिविर का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय कोरबा में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जायेगा।

### दानवीर भामाशाह सम्मान-2025 हेतु प्रविष्टियां आमंत्रण

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 1 नवम्बर को प्रतिवर्ष आयोजित राज्योत्सव के अवसर पर दानशीलता, सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति अथवा संस्था को दानवीर भामाशाह सम्मान से अलंकृत किया जाता है। चयनित व्यक्ति संस्था को सम्मान के रूप में 1 लाख रूपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने का प्रावधान है। इच्छुक व्यक्ति या संस्था पुरस्कार के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण विभाग में संपर्क कर 21 सितम्बर तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### गौधाम संचालन हेतु आवेदन 30 तक

**कोरबा।** जिले में गौधाम संचालन हेतु इच्छुक स्वयंसेवी संस्थानों, एनजीओ, गौशालाओं से रुचि की अभिव्यक्ति 30 सितंबर दोपहर 3 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। गौधाम में निराश्रित, घुमन्तु गौ वंशीय पशुओं तथा जब्त गौवंशीय पशुओं को ही विस्थापित किया जाएगा। आवेदन हेतु प्रपत्र 7 तथा गौधाम योजना के दिशा निर्देश जिले के वेबसाईट से भी प्राप्त किया जा सकता है।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया गया

**कोरबा।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुरुआत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरगा में आयोजित किया गया जिसमें ग्राम सरपंच मोरगा अनिल तंवर एवं खिलेश्वरी पैकरा उपस्थित थे। 34 गाम में शिविर लगाकर कर उपचार जांच समस्त महिलाओं का किया जाएगा। जिसमें आयुर्वेद/ एलोपैथिक चिकित्सा प्रदान किया जाएगा, पीएचसी प्रभारी अतुल कुमार सिंह एवं डॉ रमापति तिवारी आयुष चिकित्सक उपस्थित थे क्षेत्र के समस्त महिलाओं का किया जाएगा। उपचार सुपरवाइजर रामनवमीं बघेल, नेत्र सहायक जीएस पैकरा ई-स्टांप नर्स आद उपस्थित थे।

# कनकेश्वरधाम, मड़वारानी और मातिनदाई मंदिर की बदलेगी तस्वीर, बढ़ेंगी सुविधाएं

## स्थलों के विकास के लिए 2.16 करोड़ होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

मुख्यमंत्री के निर्देशन में तथा उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले में स्थित प्रसिद्ध सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों के विकास के लिए डीएमएफ मद से दो करोड़ 16 लाख 94 हजार 766 रूपये की राशि स्वीकृत की है।

कलेक्टर श्री वसंत ने जिले के कनकेश्वर महादेव मंदिर, मॉ मड़वारानी मंदिर एवं मातिन दाई मंदिर में आम श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान रखते हुए पेयजल व्यवस्था, मंच, आर्चशेड, सोलर पावर प्लांट आदि के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास से राशि की स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने करतला विकासखंड अन्तर्गत मॉ मड़वारानी मंदिर परिसर में मंच निर्माण कार्य हेतु 19 लाख 92 हजार, आर्चशेड निर्माण कार्य हेतु 25 लाख 97 हजार, पाईप लाइन बिछाकर पेयजल व्यवस्था हेतु 39 लाख 67 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। उक्त कार्य के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को क्रिर्यान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है। इसी तरह कनकेश्वर महादेव मंदिर कनकी में मंदिर परिसर में शेड निर्माण कार्य हेतु 45 लाख 50 हजार रूपये की स्वीकृति, 2.4 किलोवाट की क्षमता का सोलर पावर प्लांट स्थापना हेतु 6 लाख 82 हजार 360 रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस कार्य के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और क्रेडा को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है। पोड़ीउपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम मातिन में स्थित मॉ मातिनदाई परिसर में पाइप लाइन बिछाकर पेयजल प्रदान करने हेतु 33 लाख 09 हजार की स्वीकृति तथा सीढ़ी निर्माण हेतु 30 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त कार्यों के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और सीईओ जनपद पोंड़ीउपरोड़ा को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है।

**खास बातें**

- लगेगा सोलर पॉवर प्लांट, मिलेगी बिजली, मंच सहित अन्य सुविधाओं से होगा लैस, डीएमएफ से राशि हुई जारी





## एनएचएम कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को आज पूरा होगा एक माह

# हड़तालियों ने पहले मनाया पीएम का जन्मदिन फिर किया बर्खास्तगी का नोटिस पाने वालों का सम्मान



केक काटकर पीएम का जन्मदिन मनाते हड़ताली कर्मी।



पंडाल में सम्मानित किए गए स्वास्थ्य कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपनी मांगों को लेकर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे एनएचएम स्वास्थ्य कर्मियों ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन मनाया और जिन 21 स्वास्थ्य कर्मियों को बर्खास्तगी की नोटिस दी गई है, उनका पंडाल में ही सम्मान किया गया और उसके बाद शहर में रैली बाइक निकाली गई।

**खास बात**

- अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठे एनएचएम स्वास्थ्य कर्मियों न शहर में निकाली रैली

सरकार की बर्खास्तगी की चेतावनी के बाद भी हड़ताली स्वास्थ्य कर्मी अपने पंडाल में डटे हुए हैं। मंगलवार देर शाम 21 स्वास्थ्यकर्मियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा बर्खास्तगी की नोटिस जारी किया गया है। विभाग के अनुसार किसी भी कर्मचारियों को बर्खास्त करने के लिए एक माह पूर्व नोटिस जारी की जाती है। इसके तहत 21 कर्मचारियों को नोटिस जारी की गई है। बुधवार को घंटाघर चौक में धरना दे रहे आंदोलनकारियों ने उन सभी 21 कर्मियों को सम्मान किया गया जिन्हें बर्खास्तगी की नोटिस दिया गया है। इसके पूर्व पंडाल में पीएम नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर केक काटा और शहर में पैदल रैली निकाली। स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि हड़ताल के दौरान जिन बिंदुओं पर सरकार ने सहमति जतायी है उसे लेकर स्वास्थ्य कर्मी असंतुष्ट हैं। बहुत सी मांगे ऐसी है जो पूर्व से ही दिये गये हैं। उनका वेतन 27 प्रतिशत बढ़ाने की मांग थी किंतु सरकार ने 5 प्रतिशत वेतन की बढ़ाया है। इसी तरह मेडिकल अवकाश के लिए सीएचएमओ को अधिकृत नहीं किया गया है। इसके लिए उन्हें स्वास्थ्य विभाग को आवेदन देना होगा। वहां कब स्वीकृति मिलती है इसकी भी समयावधि नहीं दी गई है।

**6 लोगों ने दी ज्वाईनिंग**

हड़ताल में चल रहे एनएचएम स्वास्थ्यकर्मियों में बर्खास्तगी की चेतावनी के बाद पहले दिन 8 लोगों ने ज्वाईनिंग दी थी। दूसरे दिन 6 लोगों ने ज्वाईनिंग दी है। दूसरे दिन किसी को भी नोटिस जारी नहीं की गई है। अब तक 14 लोगों ने ज्वाईनिंग दे दी है।

-एसएन केशरी, एचएमओ

# प्रभारी डीएफओ के भरोसे कोरबा वनमंडल का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनमंडल में हमेशा हाथियों की आमदरफ्त बनी रहती है। इस हिसाब से जंगल में हमेशा खतरा मंडराते रहता है लेकिन पिछले दो महीने से कोरबा वनमंडल में वनमंडल अधिकारी की पोस्टिंग नहीं हो पाई है। जिसकी वजह से प्रभारी वनमंडलाधिकारी के भरोसे कोरबा वनमंडल का काम चल रहा है।

उल्लेखनीय है कि कोरबा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले कोरबा, पसरखेत, कुदमुरा, करतला सहित विभिन्न वन परिक्षेत्रों में हाथियों का बसेरा है और अक्सर हाथी जान माल का नुकसान पहुंचाते रहते हैं। हाथी प्रभावित क्षेत्र होने की वजह से कोरबा वनमंडल अति संवेदनशील माना जाता है। पूर्व में कोरबा वनमंडल अधिकारी की पोस्टिंग के रूप में अरविंद पीएम की पोस्टिंग थी उनका स्थानांतरण कोरबा से रायगढ़ हो गया था और उनके स्थान पर मयंक अग्रवाल को कोरबा वनमंडलाधिकारी बनाया गया था लेकिन एक महीने तक ट्रेनिंग में रहने की वजह से अरविंद पीएम रायगढ़ और कोरबा का कामकाज देख रहे थे। एक महीने की ट्रेनिंग के बाद मयंक अग्रवाल ने जैसे ही कोरबा वनमंडल का काम का संभाला उसी दिन बाद ही उनका तबादला रायपुर चिप्स में हो गया था । उनके तबादले को लगभग 2 महीना बीत चुका है लेकिन अब तक कोरबा वनमंडल अधिकारी की पोस्टिंग नहीं हो पाई है। जिसकी वजह से कोरबा वनमंडल का कामकाज पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। फिलहाल कटघोरा वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत को कोरबा वनमंडल की कमान सौंपी गई है और वे दोनों वनमंडल का काम देख रहे हैं।

**कोरबा से ज्यादा कटघोरा में है हाथियों का आतंक**

कोरबा वनमंडल में अक्सर हाथियों का झुंड रायगढ़ और धरमजयगढ़ से आना-जाना करते रहते हैं और कुछ दिनों तक रहने के बाद फिर से मांड नदी पार कर धरमजयगढ़ की ओर रुख कर जाते हैं लेकिन कटघोरा वनमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में 50 से अधिक हाथियों का झुण्ड पिछले कई वर्षों से डेरा डाले हुए हैं और सबसे ज्यादा जान माल का नुकसान इसी क्षेत्र में होता हैं और इस वजह से यह वनमंडल सबसे अधिक संवेदनशील माना जाता है और दोनों ही वनमंडल हाथी प्रभावित क्षेत्र में आता है। इसलिए वनमंडलाधिकारी को दोनों वनमंडल में कामकाज संभाल पाना और देखरेख कर पाना उतना आसान नहीं है।

# अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो युवकों ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत सुभाष नगर निवासी कुंडी लाल बरेठ 40 वर्ष पिता तूधराम बरेठ ठेकेदारी फर्म में कार्य करता था। जानकारी के अनुसार उसे काम से हटा दिया गया था। जिससे कुंडीलाल डिप्रेशन में चल रहा था। इसी दौरान बीती रात वह खाना खाकर सो गया। बुधवार की सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो उन्होंने देखा कि कुंडी लाल का शव उसके कमरे में फंदे पर लटक रहा है। परिजनों द्वारा इसकी सूचना दीपका पुलिस को दी गई जिस पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने शव को फंदे से उतारा और परीक्षण के लिए अस्पताल भिजवाया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से किसी प्रकार का सुसाईड नोट नहीं मिला है। कुंडी लाल ने किस कारण से आत्महत्या की है यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। इसी तरह फांसी की दूसरी घटना मानिकपुर चौकी क्षेत्र के अंबेडकर चौक में घटित हुई है। यहां निवासरत मंगेश आनंद 49 वर्ष जो राशन दुकान संचालित करता था और मानिकपुर वार्ड क्रमांक 33 में परिवार के साथ रहता था। सोमवार देर रात भोजन करने के बाद वह अपने कमरे में चला गया और दरवाजा व खिड़की अंदर से बंद कर ली। कुछ समय बाद जब परिजनों ने दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला। खिड़की से झांककर देखने पर मंगेश को फांसी पर लटकता देख परिजन घबरा गए। आनन-फानन में उन्होंने खिड़की तोड़ी और अंदर घुसकर उसे उतारा तथा निजी अस्पताल ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक ने किन कारणो के चलते आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

### आयुष मेडिकल एसोसिएशन का चिकित्सक सम्मेलन कल

**कोरबा।** आयुष मेडिकल एसोसिएशन का चिकित्सक सम्मेलन 19 सितंबर की दोपहर 1 बजे से होटल महाराजा ट्रांसपोर्ट नगर में आयुष मेडिकल एसोसिएशन कोरबा एवं एमडी बोटानिकल्स के संयुक्त तत्वाधान मेंमधुमेह (डायबिटीज) रोग पर विशेष संभाषा परिषद के रूप में आयोजित है। जिसमे एमडी बोटानिकल्स मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.केविन एएसएम द्वय डॉ.सुमंता तथा सुरेंद्र प्रधान द्वारा आयुर्वेदानुसार मधुमेह रोग के कारण, निदान एवं उपचार पर विशेष प्रकाश डालकर इस विषय पर चिकित्सकों के अनुभवों को साझा करने के साथ परिचर्चा की जाएगी। सम्मेलन में आयुष मेडिकल एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी तथा जिले के सभी बीए, एमएस चिकित्सक सदस्यों के अलावा एमडी बोटानिकल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.केविन आदि उपस्थित रहेंगे।

# कबाड़ चोर फिर हुए सक्रिय, काटकर ले गए 18 बिजली के खम्भे, शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में एक बार फिर से कबाड़ चोर सक्रिय हो गए हैं और विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए विद्युत पोल को अपना निशाना बना रहे हैं। नया मामला फिर से मानिकपुर चौकी क्षेत्र के खरमोरा में सामने आया है। जहां कव्वाल इलेक्ट्रॉनिक्स नामक कंपनी द्वारा लगाए गए विद्युत पोल को कबर चोरों ने काटकर चोरी कर ली है। कव्वाल इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक में इस मामले के लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की है। हालांकि पुलिस ने अब तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं किया है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा निवासी कव्वाल इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक फरीद खान ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की है। फरीद खान की कंपनी के द्वारा खरमोरा से इंडस्ट्रियल एरिया तक 33 केवी लाइन खींचने हेतु लोहे के खम्भों को गडाया गया था। जिसमे फरीद खान को सीएसपीडीसीएल द्वारा तार खींचने हेतु तार दिया जाना था किन्तु उनके द्वारा तार प्रदान नहीं किया गया जिस वजह से फरीद खान का कार्य रुका हुआ है जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोरों द्वारा फरीद खान द्वारा गाड़े गये खम्भों को पूर्व में भी 8 खम्भों को चुरा लिया गया था जिसकी एफआईआर फरीद खान के द्वारा थाना रामपुर में दर्ज कराई गयी थी और बीती रात को भी अज्ञात चोरों द्वारा मेरे 16 खम्भों को काटकर तथा उसमे लगे फेब्रिकेशन के सामान की भी चोरी कर लिय्या गया है। मामले की शिकायत फरीद खान के द्वारा पुलिस से की गई है।



कटा हुआ विद्युत पोल।


## अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिले में

# चुनाव में हार जीत होती रहती है लेकिन वोट चोरी बर्दाश्त नहीं : पायलट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मंगलवार को सुभाष चौक में वोट अधिकार यात्रा और वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के साथ विशाल मसाल जुलूस निकाला गया इस मौके पर कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने सरकारी संस्थाओं को अपने कब्जे में ले लिया है। सीबीआइ व ईडी का दुरुपयोग किसी से छुपी नहीं है। चुनाव में हार जीत होती रहती है, लेकिन वोट चोरी बर्दाश्त नहीं होगी। चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की जड़ को कमजोर किया जा रहा है। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि यह अभियान सिर्फ कांग्रेस पार्टी का नहीं है। भारतीय लोकतंत्र की पूरी दुनिया लोहा मानती थी, हमारे लोकतंत्र की जड़ें काफी मजबूत है। मुझे बड़ा दुख है चुनाव आयोग लोकतंत्र की जड़ों को तार-तार कर रहा है। उन्हें निष्पक्षता तथा पारदर्शिता दिखानी चाहिए। पायलट ने कहा कि राहुल गांधी ने कर्नाटक में हुए चुनाव में गड़बड़ी के पूरे प्रमाण दिए हैं। जिंदा लोगों को मृत दिखाया गया, एक मकान में 200 से 250 मतदाता दिखाए गए।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस के तत्वाधान में मंगलवार की देर रात वोटर अधिकार यात्रा एवं वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत सुभाष चौक निहारिका से स्व.बिसाहू दास महंत स्मृति उद्यान तक विशाल मशाल जूलूस निकाला गया। जिसमें प्रदेश कांग्रेस प्रभारी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव ⏭ शेष पेज 2 पर



मशाल रैली में शामिल कांग्रेसी।

**वोट चोर शायद ही सुना होगा**

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि आपने डीजल चोर, कोयला चोर, कबाड़ चोर तो सुना होगा पर वोट चोर शायद ही सुना होगा। राहुल गांधी ने पूरी जांच पड़ताल कर देश में हो रही सबसे बड़ी चोरी का उजागर किया है। इसी तरह पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव के दौरान की गई गड़बड़ी का मुद्दा उठाया है वह लोकतंत्र की रक्षा के लिए बेहद आवश्यक है। ना केवल महाराष्ट्र, कर्नाटक बल्कि छत्तीसगढ़ के वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया में व्यापक धांधली की गई है । चार पूर्व कलेक्टरों का नाम कोरबा विधानसभा के वोटर लिस्ट में है, जबकि कई साल पहले उनका तबादला हो चुका है। हमने यह मामला सामने लाया इसके बाद भी अब तक स्थानीय निर्वाचन विभाग ने सूची दुरूस्त नहीं की है। यहीं नहीं जिले के अन्य विधानसभा में भी वोटर लिस्ट में गलत ढंग से नाम जोड़े गए हैं।

**छानबीन के बाद उठाया गया कदम**

पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा वोट चोर गद्दी छोड़ देशव्यापी जन जागरण अभियान बहुत छानबीन के बाद राहुल गांधी ने यह कदम उठाया है। चुनाव आयोग का जिस पैमाने पर दुरूपयोग हो रहा उसे लोगो के सामने लाया जा रहा। चुनाव आयोग दलगत राजनीतिक लाभ पहुंचाने की दृष्टि से निर्णय ले रहा है। महाराष्ट्र चुनाव में भी घोटाला किया गया। एक घर में 6-6 हजार मतदाता दर्ज कर दिया गया। जितनी आबादी नहीं उससे ज्यादा मतदाता भी पाए गए। जितने मतदाता 5 साल में नहीं जुड़े उससे ज्यादा 5 माह में जोड़े गए। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जितना वोट मिलते हैं उतना ही विधानसभा में भी मिलते हैं लेकिन बीजेपी का वोट शेयर उतना बढ़ जाता है जितना नए मतदाता जोड़े गए होते हैं।

